

## महिला टी20 वर्ल्ड कप में होगा फ्रंटफुट नोबॉल तकनीक का इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में फ्रंटफुट नोबॉल तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पहला मौका होगा जब आईसीसी किसी वैश्विक टूर्नमेंट में पहली बार इसे लागू करेगी। महिला टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत इस महीने के आखिर में होनी है। इससे पहले फ्रंटफुट नोबॉल तकनीक का इस्तेमाल हाल ही में भारत और वेस्ट इंडीज में सफल प्रयोग के बाद इसके इस्तेमाल का फैसला किया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, तीसरा अंपायर हर गेंद के बाद फ्रंटफुट लैंडिंग पोजिशन पर नजर रखेगा। गेंद नोबॉल होने पर वह मैदानी अंपायर को इसकी सूचना देगा। इसमें कहा गया, मैदानी अंपायरों को निर्देश दिए गए हैं कि फ्रंटफुट नोबॉल पर वह फैसला नहीं लेंगे। बाकी नोबॉल पर हालांकि वे ही फैसला लेंगे। हाल ही में 12 मैचों में इस तकनीक का ट्रायल किया गया, जिसमें 4717 गेंदें डाली गई और उनमें 13 नोबॉल थीं। आईसीसी महाप्रबंधक (क्रिकेट) ज्योफ अलार्डिस ने कहा, शक्रिकेट मैच में अधिकारियों की मदद के लिए तकनीक के इस्तेमाल की अच्छी परंपरा रही है। मुझे यकीन है कि इस तकनीक के प्रयोग से आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में फ्रंटफुट नोबॉल में गलतियों की गुंजाइश कम हो जाएगी।

# हमारी फील्डिंग बोलिंग खराब इसलिए हारे सीरीज

**क्रिकेट**

### न्यू जीलैंड टीम का जुनून हमसे ज्यादा दिखा वे 3-0 से जीत के पूरे हकदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यू जीलैंड दौरे पर गई टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 0-3 से गंवा दी है। इस सीरीज से पहले भारतीय टीम ने मेजबानों को 5 टी20 मैचों की सीरीज में 5-0 से हराया था लेकिन कीवी टीम ने वनडे सीरीज में उसी ढंग से अपनी करारी हार का बदला ले लिया, जो उसे टी20 में मिली थी। भारत इस वनडे सीरीज में एक भी मैच अपने नाम कर पाया। इस हार के बाद टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि जिस ढंग से हमने फील्डिंग और बोलिंग की वह इस लायक नहीं थी कि हम कोई मैच जीत पाते। हालांकि भारतीय कप्तान ने इस हार के बावजूद टीम के कुछ सकारात्मक पक्ष भी गिनाए।

विराट कोहली ने कहा, ये मैच इतने भी बुरे नहीं थे, जितना स्कोरलाइन (0-3) बता रही है।



चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जिस ढंग से हमारे बल्लेबाज खेले वह हमारे लिए सकारात्मक बात यह रही। लेकिन जस ढंग से हमने फील्डिंग और बोलिंग की वह मैच जीतने के लिए काफी नहीं था। हम इस सीरीज में जीतने के हकदार थे ही नहीं। भारतीय कप्तान ने कहा, असल में हम इतना बुरा भी नहीं खेले, लेकिन हमने अवसरों को भुना नहीं पाए। हमारी टीम में जो नए लड़के आए हैं यह उनके लिए अच्छा अनुभव रहा। वे अभी अपनी जगह तलाश रहे हैं। विराट ने कीवी टीम की तारीफ करते हुए कहा, श्वे हमसे ज्यादा जुनून के साथ खेले। वे इस सीरीज को 3-0 से जीतने के पूरे हकदार थे। इसी मौके पर विराट कोहली ने टीम के अगले लक्ष्य को भी याद दिला दी। टीम इंडिया को अब यहां 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है और कप्तान कोहली ने इसके लिए ताल ठोक दी। उन्होंने कहा कि हम अब टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हैं। हमारे पास अब एक संतुलित टीम है। हमें लगता है कि हम यहां टेस्ट सीरीज जीत सकते हैं।

### न्यू जीलैंड से हारा भारत, 31 साल बाद क्लीन स्वीप

न्यू जीलैंड ने भारत को तीसरे और अंतिम वनडे में 5विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज क्लीन स्वीप कर ली है। 31 साल बाद यह पहली बार है, जब टीम इंडिया का तीन मैचों या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप हुआ हो। इससे पहले भारतीय टीम का 1989 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 0-5 से क्लीन स्वीप हुआ था। हालांकि साल 2006-07 में टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका में भारत ने 5 वनडे मैचों की सीरीज 0-4 से गंवाई थी लेकिन तब सीरीज का एक मैच रद्द हो गया था।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप: फाइनल की घटना के बाद आईसीसी ने खिलाड़ियों पर लगाए डिमेरिट अंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद भारत और बांग्लादेश के खिलाड़ियों के बीच हुई अप्रिय घटनाओं के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ियों पर जुर्माने के रूप में डिमेरिट अंक लगाया है। बांग्लादेश ने रविवार को आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में मौजूदा चौंपियन भारत को डकवर्थ लुइस नियम के तहत तीन विकेट से हराकर पहली बार चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस जीत के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने भारतीय खिलाड़ियों के साथ अनुचित व्यवहार किया था और भारतीय खिलाड़ियों पर



अनुचित टिप्पणी भी की थी। आईसीसी ने इस घटना के बाद बांग्लादेश के तीन और भारत के दो खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया है।

क्रिकेट की शीर्ष संस्था ने इन खिलाड़ियों के खाते में डिमेरिट अंक जोड़ दिए हैं। आईसीसी ने भारत के आकाश सिंह और रवि बिश्नोई के अलावा बांग्लादेश के तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन और राकिबुल हसन को आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया है।

बांग्लादेश के तीनों खिलाड़ियों पर 6-6 डिमेरिट अंक जबकि भारत के दो खिलाड़ियों पर 5-5 डिमेरिट अंक लगाए गए हैं। टूर्नमेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बिश्नोई पर अलग से भी दो डिमेरिट अंक लगाए हैं। मैच के बाद बांग्लादेश टीम के कप्तान अकबर अली ने कहा था कि वह अपनी टीम के व्यवहार लिए माफी मांगना चाहते हैं। उन्होंने कहा था, जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था।

## ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर ने टी20 से संन्यास के संकेत दिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने कहा है कि वह टेस्ट और वनडे करियर को विस्तार देने और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए अगले कुछ साल में टी20 क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का एलन बॉर्डर पदक जीतने वाले वॉर्नर पुरस्कार पाने के बाद फफक पड़े थे। वर्ष 2018 में गेंद से छेड़खानी के कारण एक साल का प्रतिबंध झेलने के बाद शानदार वापसी करते हुए वॉर्नर ने यह पुरस्कार जीता है। उन्हें वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर भी चुना गया। 33 वर्षीय वॉर्नर ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में लगातार वर्ल्ड कप खेलने हैं। इस फॉर्मेट को मैं अगले कुछ साल में अलविदा कह सकता हूं। तीनों फॉर्मेट में खेलना कठिन है। उन सभी को शुभकामनायें जो ऐसा कर पाते हैं। यह चुनौतीपूर्ण है।' टेस्ट और वनडे दोनों में वॉर्नर का औसत 40 से ऊपर का है और टी20 में उनका स्ट्राइक रेट 140 का है। अगले दो टी20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया और भारत में होने हैं। वॉर्नर ने कहा कि उन्होंने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग से बात की है ताकि तीनों फॉर्मेट में खेलने की थकान को समझ सकें।

## न्यूज डायरी



### तीसरे वनडे में पेसर्स के प्रदर्शन किया निराश!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**माउंट माउंगानुई। न्यू जीलैंड ने भारत को वनडे इंटरनेशनल सीरीज में 3-0 से हराया। तीन मैचों की सीरीज में भारतीय टीम एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई। न्यू जीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और भारत ने लोकेश राहुल की सेंचुरी (112) और श्रेयस अय्यर की 62 रनों की पारियों की मदद से 7 विकेट पर 296 रनों का स्कोर बनाया। जवाब में न्यू जीलैंड ने 47.1 ओवर में 5 विकेट पर 300 रन बनाकर मैच जीत लिया। कीवी टीम के लिए मार्टिन गप्टिल ने तेज शुरुआत की और 66 (46 गेंद) की पारी खेली। इसके अलावा हेनरी निकोल्स ने 80 रन बनाए। लेकिन कीवी टीम की जीत में बड़ी भूमिका कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने निभाई जिन्होंने 28 गेंदों पर 58 रन बनाए। स्पिनर्स का प्रदर्शन रहा बेहतरभारतीय टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा। खास तौर पर तेज गेंदबाजों ने बहुत निराश किया।

### दिग्गज सचिन तेंडुलकर से मिलकर शेफाली वर्मा का सपना हुआ सच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की सबसे युवा सदस्य शेफाली वर्मा का अपने आदर्श क्रिकेटर पूर्व भारतीय दिग्गज सचिन तेंडुलकर से मिलने का बचपन का सपना सोमवार को ऑस्ट्रेलिया में पूरा हुआ। सोलह साल की शेफाली ने तेंडुलकर के साथ एक तस्वीर क्लिक कर इसे अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने इस तस्वीर के साथ लिखा, 'मैं इस खेल से सचिन सर के कारण ही जुड़ी। मेरा पूरा परिवार उन्हें ना सिर्फ आदर्श मानता है बल्कि उनकी पूजा भी करता है। आज मेरे लिए खास दिन है क्योंकि मैं अपने बचपन के नायक से मिली। यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा है।' पिछले नवंबर में शेफाली ने सचिन तेंडुलकर के लंबे समय से चले आ रहे रेकॉर्ड को तोड़ा था। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ 49 गेंदों में 73 रनों की तूफानी पारी खेलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अर्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं थी।

### लालरेम्सियामी बनीं एफआईएच साल 2019 की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान महिला खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। भारतीय फॉरवर्ड लालरेम्सियामी को 2019 की एफआईएच की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान महिला खिलाड़ी चुना गया। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। भारत की 19 वर्ष की स्ट्राइकर ने अर्जेंटीना की जूलिएटा जांकुनास और नीदरलैंड्स की फ्रेडरिक माटला को हराया, जो दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। मिजोरम की इस खिलाड़ी को 40 प्रतिशत वोट मिले। उन्हें राष्ट्रीय संघों से 47.7 प्रतिशत, मीडिया से 28.4 प्रतिशत और प्रशंसकों तथा खिलाड़ियों से 36.4 प्रतिशत वोट मिले। बेलारूस के खिलाफ 2017 में पदार्पण करने के बाद लालरेम्सियामी भारतीय टीम का अभिन्न अंग बनी हुई हैं। उन्होंने 2017 में कोरिया और 2019 में स्पेन के खिलाफ सर्वाधिक गोल दागे। हिरोशिमा में एफआईएच सीरिज फाइनल्स में भारत ने ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में जगह बनाने की होड़ में शामिल आठ दूसरी टीमों को हराया।

### रणजी क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए दिल्ली को चमत्कार की जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली की टीम को अगर रणजी ट्रॉफी नाकआउट में जगह बनाने की किसी भी उम्मीद को जीवंत रखना है तो बुधवार से यहां राजस्थान के खिलाफ शुरू हो रहे अपने अंतिम ग्रुप मैच में बड़ी जीत दर्ज करने के अलावा अन्य मैचों के नतीजों के अपने पक्ष में रहने की उम्मीद करनी होगी। दिल्ली की टीम के अभी सात मैचों में 18 अंक हैं और वह क्वार्टर फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। टीम फिलहाल 18 टीमों के क्रास पूल ए और बी में 10वें स्थान पर चल रही है लेकिन राजस्थान के खिलाफ बोनस अंक सहित जीत और अन्य मैचों के नतीजे पक्ष में आने से दिल्ली की उम्मीद बन सकती है। दिल्ली के विदर्भ के समान अंक हैं लेकिन खराब रन रेट ने उसकी मुसीबत बढ़ा दी है। लेकिन विदर्भ अगर हैदराबाद के खिलाफ अपना अगला मुकाबला जीत जाता है तो बोनस अंक के साथ जीत भी दिल्ली के लिए पर्याप्त नहीं होगी।